पेरिस और टोक्यो में लगेंगे यूपी की विरासत के स्टॉल

लखनऊ, विशेष संवाददाता। घरेलू पर्यटन में देश में पहले स्थान पर रहने के बाद अब यूपी का फोकस विदेशी पर्यटकों पर है। इन विदेशी पर्यटकों को यूपी की ओर आकर्षित करने के लिए सितंबर और अक्तूबर में पेरिस, लंदन तथा जापान की राजधानी टोक्यो एवं सिंगापुर में स्टॉल लगाकर यूपी की समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत तथा गौरवशाली इतिहास से जुड़े पर्यटन स्थलों तथा प्राकृतिक सुंदरता से पूरी दुनिया को परिचित कराने की योजना है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग विभिन्न देशों में आयोजित होने वाले ट्रैवल मार्केट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा ताकि यूपी को पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जा सके। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को दी।

महाकुंभ, बौद्ध सर्किट की दिखेगी झलक

प्रदेश सरकार जिन आकर्षणों का विशेष रूप से प्रचार-प्रसार कर रही है उसमें महाकुंभ, बौद्ध सर्किट, ईको सर्किट, आध्यात्मिक पर्यटन स्थल, रूरल-एग्री टूरिज्म सहित अन्य हैं।